**लापरवाही** गौरीघाट से दूसरी तरफ आने-जाने में लोग उठा रहे जोखिम

## नाव से वाहनों का आवागमन कहीं पड़ न जाए भारी



**नवभारत, जबलपुर।** नर्मदा के तट गौरीघाट में नाव का संचालन तो आम बात है लेकिन घाट से दूसरे घाट तक वाहनों के साथ लोगों के आने- जाने में जोखिम देखने को मिलता हैं। यहां नाव संचालन करने वाले लोग दो नाव को जोड़कर एक नाव बनाते हैं और उसमें 10-12 लोग उनके वाहनों को लेकर एक घाट से दूसरे घाट तक लाने और ले जाने का काम करते हैं। लेकिन इसमें वह भूल जाते हैं कि छोटी सी गलती से उनकी जान पर भी आ सकती है। इसको लेकर निगम, जिला और पुलिस प्रशासन कोई सख्त कदम नहीं उठा रहा है, कोई बड़ा हादसा होने के बाद ही अफसरों की नींद खुलती है।

### कार्य करने वालों का आवागमन ज्यादा

गौरीघाट से दूसरी तरफ मंगेली से शहर क्षेत्र में कार्य करने वाले लोग ज़्यादातर नाव से ही अपने वाहनों के साथ आवागमन करते हैं। जो सुबह दूसरी तरफ से अपने वाहनों के साथ गौरीघाट आते हैं, और शाम को फिर नाव से ही वाहनों के साथ नाव से पार होकर दूसरी तरफ आते हैं। विदित है कि मंगेली से शहर क्षेत्र में आने के लिए सड़क मार्ग से लंबा घेरा लगाना पड़ता है, जिससे समय और ईंधन दोनों की बर्बाद होता है। जबूरन वह नाव से वाहनों के साथ आवागमन करते हैं।

### ब्रिज का हो निर्माण तब मिलेगी राहत

मंगेली और उसके आस पास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोग शहर में काम करने आते हैं, जिसके लिए उनको रोजाना आने जाने में सिर्फ नाव ही एक रास्ता सरल समझ आता है, लेकिन वह भूल जाते हैं कि इसमें कितना जोखिम भी है। लोगों का कहना है कि नर्मदा तट पर एक ब्रिज का निर्माण होना चाहिए जिससे मंगेली की ओर से आने वाले लोगों को लंबा घेरा ना लगाना पड़े और नाव से वाहनों के साथ आवागमन ना करना पड़े।

## श्वानों के बीच में घिरे बछड़े को बचाया


**जबलपुर।** गढ़ा थानांतर्गत चिकनी कुआं दुबे कॉलोनी क्षेत्र में श्वानों ने गाय के बछड़े को घेर लिया। गनीमत रही कि समय रहते सर्प विशेषज्ञ ने श्वानों के झुंड को खदेड़ दिया और श्वानों के हमले से बछड़ा बच गया।

जानकारी के मुताबिक गढ़ा थानांतर्गत चिकनी कुआं दुबे कालोनी क्षेत्र में दोपहर तीन बजे लगभग आधा दर्जन गाय एक खाली पड़े भूखंड में लगी घास खा रहीं थीं और उनके बीच एक बछड़ा अचानक उछल कूद करने लगा तभी वहां कहीं से श्वानों का दल वहां पर आ गया और उछल कूद कर रहे बछड़े को घेर लिया जिसके कारण बछड़े की जान संकट में आ गई तभी राह से गुजर रहे सर्प विशेषज्ञ गजेन्द्र दुबे ने देखा तो दौड़कर कुत्तों के दल के बीच फंसे बछड़े को बाहर कर दिया। कुत्तों के दल को खदेड़ दिया। फिर गाय के दल को भी भूखंड से बाहर किया। दुबे के अनुसार समय पर वहां ना पहुंचते तो आवारा कुत्ते बछड़े को नुकसान पहुंचा देते।

## बर्थडे मना लौट रहे युवकों का फिल्मी स्टाइल में अपहरण

**अपहरणकर्ताओं ने चाकू अड़ाई बंधक बना बेरहमी से पीटा**

**20 हजार ऑनलाइन डलवाये सोने की अंगूठी लूटी**



**नवभारत, जबलपुर।** लेबर चौक स्थित होटल में देर रात्रि दोस्त का बर्थडे मनाकर लौट रहे युवकों को बदमाशों ने घेर लिया और चाकू अड़ाकर उनका डरा धमका कर फिल्मी स्टाइल में उनका अपहरण कर लिया इसके बाद बंधक बनाकर बेरहमी से पीटा और 20 हजार रूपए ऑनलाइन डलवाने के साथ सोने की अंगूठी लूट ली। इसके बाद युवकों को छोड़कर फरार हो गए। इसके बाद पीड़ित थाने पहुंचे और पुलिस को पूरे मामले से अवगत कराया। रविवार को पुलिस ने रिपोर्ट पर एफआईआर दर्ज कर पतासाजी शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक रविवार शाम लक्ष्य झा 20 वर्ष निवासी बाई का बगीचा घमापुर ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि वह महाकौशल कालेज में पढाई कर रहा है। शनिवार को लेबर चौक स्थित नागेन्द्र होटल से दोस्त के जन्मदिन की पार्टी मनाकर अपने साथी अभिनव श्रीवास्तव के साथ अपनी क्रेटा कार एमपी 04 सीआर 1566 से दीनदयाल से अपने घर तरफवापस आ रहा था रात लगभग 2-30 बजे निस्तार करने के लिये कार को रोड से चण्डालभाटा रोड पर लगभग 50 मीटर अंदर गये वह गाडी के अंदर बैठा रहा। अभिनव जैसे ही नीचे उतरा तभी अज्ञात 4 लडके मोटर सायकिल व एक्सिस में आये व उसे एवं अभिवन को घेरकर कार की चाबी छुडा लिये, सभी ने हम लोगों के साथ हाथ मुक्को से मारपीट की।

### कार में बंधक बना ढाई घंटे घुमाया, बेल्ट से किए वार

लक्ष्य ने बताया कि अभिनव के गले में चाकू अडाकर उससे 20 हजार रूपये की मांग करने लगे, उसके पास पैसे नहीं होने से चारों अपनी स्कूटी एंव मोटर सायकिल को वहीं छोडकर उसे कार में बंधक बनाकर लगभग ढाई घंटे तक घुमाते रहे तथा उसे व उसके दोस्त के साथ हाथ मुक्को व बैल्ट से मारपीट करते रहे। जबरदस्ती डरा धमकाकर उससे ऑन लाईन सुपर मनी एप के माध्यम से 20 हजार रूपये डलवा लिये। उसके हाथ में पहनी हुई सोने की अंगूठी छीन लिये।

### सुबह चंडालभाटा में छोड़ा

पुलिस को पीड़ित लक्ष्य ने बताया कि दोनों को सुबह 5 बजे चण्डालभाटा में लाकर छोड दिए। इसक बाद पीछे पीछे कमानिया तक आये थे। मारपीट से उसके सिर, चेहरे, गले, कमर तथा अभिनव के सिर, गले, चेहरे में चोट आ गयी है।

### 18 से 20 वर्ष के है आरोपी

चारों आरोपियों की की उम्र 18 से 20 वर्ष होगी। मामले को पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय ने गंभीरता से लिया है। साथ ही आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए एएसपी सिटी आयुष गुप्ता एवं नगर पुलिस अधीक्षक गोहलपुर मधुर पटेरिया के मार्गनिर्देशन में थाना प्रभारी गोहलपुर रीतेश पाण्डेय के नेतृत्व में टीम गठित कर दी गई है।

## हिट एंड रन : लग्जरी कार ने बाइक चालक को कुचला, मौत

**ओमती थाना क्षेत्र में हादसा**



**नवभारत, जबलपुर।** ओमती थाना अंतर्गत नौदरा ब्रिज के पास रविवार रात्रि हिट एंड रन में बाइक चालक की जान चली गई। बेलगाम लग्जरी कार चालक ने मोटर सायकिल सवार को कुचल दिया। हादसे में बाइक सवार की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं कार चालक बाइक चालक को मौत की नींद सुलाने के बाद मौके से फरार हो गया। जानकारी के मुताबिक रविवार रात्रि करीब नौ बजे नौदरा ब्रिज ज्योति टॉकीज तिराहे पर एक सफेद फॉर्च्यूनर कार क्रमांक एमपी 20 सीएल 0057 के चालक ने वाहन को तेज रफ्तार एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुए मोटर सायकिल चालक को रौंद दिया। टक्कर के बाद बाइक चालक काफी दूर तक उछल गया और हादसे में उसे सिर व शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आ गई हादसे से मौके पर अफरा-तफरी मच गई। कार चालक मौके से फरार हो गया । हादसे के बाद सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस से घायल को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टर ने परीक्षण उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। एएसपी आयुष गुप्ता का कहना है कि कार की टक्कर से बाइक चालक की मौत हुई है। मृतक की शिनाख्तगी के प्रयास जारी है गाडी नंबर के जरिए ट्रेस किया गया लेकिन अब तक परिजनों से संपर्क नहीं हो सका है जिसके चलते फिलहाल मृतक कौन है और कहां का रहने वाला है इसका पता नहीं चल सका है। शिनाख्तगी के प्रयास जारी है। सीसीटीव्ही कैमरों को भी खंगाला जा रहा है ताकि आरोपी का पता चल सके।

## कूटरचित तरीके से 82 .40 लाख का भुगतान कर शासन को लगाई चपत

**यूनियन बैंक शाखा के तत्कालीन प्रबंधक, ठेकेदार पर एफआईआर दर्ज**



**नवभारत, जबलपुर।** नर्मदा विकास अंतर्गत कुण्ड वितरण नहर एवं इसके वितरण नहर प्रणाली का निर्माण कार्य समयावधि में पूर्ण नहीं होने के चलते बैंगलोर कंपनी का ठेका निरस्त होने के बाद हुआ फर्जीवाड़ा अब सामने आया है। यूनियन बैंक मढ़ाताल सिविक सेंटर शाखा प्रबंधक द्वारा कूटरचित ढंग से ठेकेदार को एफडीआर राशि 82,40, 914 रुपए का भुगतान करते हुये शासन को चपत लगाई गई थी । मामले में पनागर पुलिस ने तत्कालीन प्रबंधक समेत ठेकेदार के खिलाफ धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है । पुलिस के मुताबिक कार्य पालन यंत्री नर्मदा विकाश संभाग क्रमांक 02 पनागर वीनेन्द्र कुमार भालाधरे 55 वर्ष निवासी कोशिल्या माय होम बरगी हिल्स तिलवारा ने लिखित प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जिसमे लेख है कि नर्मदा विकास अंतर्गत कुण्ड वितरण नहर एवं इसके वितरण नहर प्रणाली का निर्माण कार्य निविदा स्वीकृति 21 अक्टूबर 2004 के माध्यम से ठेकेदार मेसर्स कर्नाटका लेण्ड आर्मी बैंगलोर को दिया गया था परंतु ठेकेदार द्वारा उक्त कार्य निर्धारित समयावधि में पूर्ण नहीं किये जाने के कारण विभाग द्वारा विभाग एवं ठेकेदार के मध्य हुये अनुबंध 27 सितंबर 2009 को निरस्त किया गया। अनुबंध निरस्त किये जाने के विरोध में ठेकेदार द्वारा माध्यस्थम अभिकरण में अपील की गई। माध्यस्थम अभिकरण द्वारा पारित अधिनिर्णय 7 सितंबर 2022 के आदेशानुसार ठेकेदार की जमा दो बैंक गारंटी 43.75000 एवं 4375000 रूपये के रूप में यूनियन बैंक सिविक सेंटर, मढ़ाताल, जबलपुर से बैंक ड्राफ्ट बनाकर राजसात की गई थी। तत्पश्चात् ठेकेदार की जमा मूल एफडी आर. के नगदीकरण के लिए शाखा प्रबंधक, यूनियन बैंक मढ़ाताल, सिविक सेंटर, जबलपुर को 22 जून 2023 को पत्र लिखा गया। जिसमें अवगत कराया गया कि तकनीकी खराबी एवं पुरानी एफडीआर होने के कारण एकाउन्ट नंबर नहीं मिल रहा है पुन: पत्र 14 अगस्त 2023 को लिखा गया। शाखा प्रबंधक द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त एफ.डी. आर. का नगदीकरण वर्ष 2015 में हो चुका है एवं ठेकेदार के खाते में एफ. डीआर की राशियां अंतरित कर दी गई है। स्पष्टीकरण मांगा गया कि मूल एफडीआर इस कार्यालय में जमा है फिर किस आधार पर एफडीआर की राशि ठेकेदार के खाते में अंतरित कर दी गई। इसके बाद अभिलेखों सहित मंगाये गये एवं जांच उपरांत पाया गया कि शाखा प्रबंधक यूनियन बैंक मढ़ाताल सिविक सेंटर द्वारा कूटरचित ढंग से ठेकेदार को एफडीआर राशि 8240914 रुपए का भुगतान करते हुये शासन को बहुत बड़ी हानि पहुंचाई गई है। के व्ही मलैश प्रोजेक्ट मैनेजर मेसर्स कर्नाटक लेण्ड आर्मी बैंगलोर (वर्तमान कर्नाटक रूरल इंफ्रास्ट्रक्चर डेव्हलेपमेंट लिमिटेड बैंग्लोर), तत्कालीन बैंक अधिकारी कार्पोरेशन बैंक शाखा जबलपुर मढाताल सिविक सेन्टर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

## जबलपुर शहर की कमान आलोक को, ग्रामीण संभालेंगी मनीषा सिंह

**भाजपा ने घोषित की जिलों के प्रभारियों की सूची**



**नवभारत,जबलपुर।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने प्रदेश के सभी जिलों के प्रभारियों की घोषणा कर दी है। संगठन की ओर से जारी हुई सूची के मुताबिक आलोक संजर को जबलपुर नगर का प्रभारी बनाया गया है। वहीं ग्रामीण प्रभारी मनीषा सिंह को बनाया गया है।

जानकारी के अनुसार भाजपा ने नवीन प्रभारियों को जिलों में पार्टी को मजबूत बनाने, पार्टी द्वारा तय कार्यक्रमों को आयोजित कराने, संगठन व सत्ता के बीच समन्वय स्थापित करने के साथ-साथ कार्यकर्ताओं की नाराजगी दूर करने के लिए जिम्मेदारी दी है।

## बैंक कर्मी ने किया 13 .50 लाख का गबन

**एटीएम में कैश लोडिंग के दौरान विश्वासघात, प्रकरण दर्ज**



**नवभारत, जबलपुर।** लार्डगंज थाना अंतर्गत रानीताल स्थित केनरा बैंक शाखा में कार्यरत कर्मचारी ने विश्वासघात करते हुए एटीएम में कैश लोडिंग के दौरान साढ़े तेरह लाख रूपए का गबन कर दिया। मामले में पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। पुलिस के मुताबिक अर्पणा वाहने, शाखा प्रबंधक, केनरा बैंक, रानीताल शाखा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि बैंक में 3 नियमित कर्मचारी कार्यरत है। मनीष करिहार नाम का व्यक्ति कुली के रूप में बैंक में अपनी सेवाएँ पिछले लगभग 10 वर्षों से दे रहा था। मनीष करिहार के पिता सुभाष करिहार भी इसी बैंक चैनल में कार्यरत थे जो वर्तमान में सेवानिवृत्त हो चुके हैं। इसी कारण मनीष करिहार को कार्य पर रखा गया था, मनीष, कुली के साथ साथ बैंक में सहायक एवं सेवक के तौर पर भी कार्यरत था जो बैंक का दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी था। बैंक में ही लगे एटीएम के अंदर बैक के नियमित कर्मचारी के साथ कैश लाना ले जाना करता था इसी दौरान नियमित कर्मचारी के साथ साथ मनीष करिहार की भी कैश सुरक्षा की जिम्मेदारी रहती थी। मनीष द्वारा अपने कर्तव्य के दौरान बैंक की बैंक की 13,50,000 की राशि का गबन किया गया है।

### ऐसे चला गड़बड़झाले का पता

30 जनवरी 2026 को एटीएम में तकनीकी खराबी आ जाने के कारण टेक्निशियन को बुलाकर एटीएम सुधरवाया गया। टेक्निशियन द्वारा एटीएम बदलने के कहा गया। अर्पणा द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। एप्रुवल आने के बाद 5 फरवरी को जब एटीएम का कैश निकालकर कैश काउंटर पर टैली किया गया तो लगभग 13,50,000 रूपये कम निकले।

### सीसीटीव्ही फुटेज से खुला घपलेबाज का राज

अर्पणा ने वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित करने के बाद बैंक में लगे सीसीटीव्ही कैमरे का अध्ययन किया गया तो पाया कि 30 जनवरी को दोपहर 4:58 बजे मनीष करिहार अकेला एटीएम रिपेयरिंग के समय एटीएम केबिन के अंदर था, जिसके द्वारा एटीएम कैसेट निकालकर कैश निकालता हुआ दिख रहा है। अन्य कैमरे व एटीएम एक्सेस के विश्लेषण के बाद पता चला कि मनीष करिहार द्वारा एटीएम में कैश लोडिंग के दौरान ही करीब 13,50,000 रूपए रूपये लगभग गबन मनीष करिहार के द्वारा किया गया है।

## चाकूबाजी में रेल्वे इंजीनियर समेत तीन घायल

**नवभारत, जबलपुर।** हनुमानताल व गढ़ा थाना क्षेत्र में हुई चाकूबाजी में रेल्वे में सीनियर सेक्शन इंजीनियर समेत तीन लोग घायल हो गए। हनुमानताल पुलिस ने बताया कि मोह. आसिफ 20 वर्ष निवासी बड़ी मदार टेकरी हनुमानताल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि रात लगभग 11-30 बजे मुसाहिद को केसर आलम एवं अल्ताफ मारपीट कर रहे थे उसने एवं मोहसिन ने उन्हें रोका तो अल्ताफ ने विवाद करते हुये उसकी हत्या करने की नियत से चाकू से हमलाकर दाहिने जांघ एवं घुटने के ऊपर चोट पहुँचा दी। दोनों ने मुसाहिद के साथ भी मारपीट की कर चोट पहुंचाई है। इसी प्रकार गढ़ा थाने में कुनाल कुमार 35 वर्ष निवासी मदर डेयरी के पास शक्तिनगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई वह रेल्वे में सीनियर सेक्शन इंजीनियर के पद पर कार्यरत है। कार्यालय से घर जा रहा था रास्ते में सुविधा मार्केट के सामने सब्जी मंडी से सब्जी खरीदने के बाद जैसे अपनी स्कूटी क्रमांक एमपी 20 एसपी 5073 के पास आकर स्कूटी में सब्जी रखकर स्कूटी उठाने लगा उसी समय 2 लड़के मोटर सायकल में आकर शराब पीने के लिये 2 हजार रूपये मांगने लगे, उसने रूपये देने से मना किया तो मोटर सायकल चलाने वाले लड़के ने चाकू से हमलाकर जांघ एवं वायें हाथ के अंगूठे के बाजू वाली उंगली में पीछे तरफ चोट पहुंचा दी तो वह अपने स्कूटी छोड़कर वहां से भागा तो दोनों जान से मारने की धमकी दिये।

**पानी, सफाई सहित अन्य समस्याओं को लेकर की गई चर्चा**

## सड़क पर सदन लगाकर कांग्रेस पार्षदों ने नगर सत्ता को घेरा



**नवभारत,जबलपुर।** पार्षद कलीम खान के नेतृत्व में रविवार को शहीद अब्दुल हमीद चौक (रद्दी चौकी) में कांग्रेस पार्षद दल ने समानांतर सदन लगाई जिसमें महापौर की भूमिका में पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेश सोनकर, अध्यक्ष की भूमिका में पार्षद संतोष दुबे , नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा, सचेतक अयोध्या तिवारी वहीं आयुक्त की भूमिका पूर्व पार्षद इश्तियाक अहमद अंसारी द्वारा निभाई गई। इस मौके पर एम.आई.सी. सदस्य के रूप में कीर्ति सिंह, पूर्व पार्षद आज़म खान, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष अशरफ मंसूरी उपस्थित रहे। इस दौरान शहर में नाले-नालियों के बीच से होकर गुजर रही पाइप लाइन, दूषित वेयजल, आउटसोर्स कर्मचारियों के वेतन भुगतान में भ्रष्टाचार, डोर टू डोर कचरा कलेक्शन व्यवस्था ठप्प, निगम के कर्मचारियों के आश्रितों की अनुकंपा नियुक्ति सहित अन्य जनहित के मुद्दों को लेकर समानांतर सदन में चर्चा कर नगर सत्ता को घेरा गया। नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा, एवं सचेतक अयोध्या तिवारी पार्षद कलीम खान ने बताया है कि सत्ता पक्ष और नगर निगम के जिम्मेदार दूषित पानी को लेकर गंभीरता नहीं बरत रहा है और आलम ये है कि इंदौर की घटना को लेकर जबलपुर के रहवासी अब जबलपुर के पानी की शुद्धता पर सवाल खड़े कर रहे हैं।

## बारात में डांस करते समय दो पक्ष भिड़े, आधा दर्जन घायल

**नवभारत, जबलपुर।** मझौली थाना अंतर्गत पड़वार में बीती रात बारात में डांस करते समय दो पक्ष भिड़ गए। देखते ही देखते दो पक्षों ने एक-दूसरे पर चाकू डंडे से हमला कर दिया। जिसमें आधा दर्जन लोग घायल हो गए।

पुलिस ने बताया कि किशन लाल काछी 40 वर्ष निवासी ग्राम खितौला पड़वार ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसके चाचा की लड़की की शादी थी बारात बड़खेरा गोसलपुर से आई थी रात लगभग 9-30 बजे बारात में आये दीपक पटेल एवं दीपक के साथी उसके भतीजे पवन से शराब पीने के लिये पैसों की मांग करने लगे, पवन ने पैसे देने से मना किया तो दीपक पटेल ने चाकू से उसके भतीजे पवन कुमार पर हमला करने हुआ तो उसके भाई विष्ण प्रसाद ने दीपक पटेल को रोका, दीपक पटेल ने चाकू से हमलाकर उसके भाई विष्णु प्रसाद के सिर में चोट पहुँचा दी वह एंव अन्य लोग बीच बचाव करने लगे तो दीपक पटेल के साथी सजल जैन, कपिल पटेल, साहिल पटेल, अपने पास रखे चाकू निकालकर मारने लगे, उसी समय दीपक पटेल के अन्य साथी नितिन पटेल, दीपक दाहिया, रतिराम पटैल भी मारपीट करने लगे, मारपीट से उसे, भतीजे पवन, मगन , अतुल को चोटें आ गई। वहीं नितिन पटेल 22 वर्ष निवासी शाहीनाका के पीछे फूल सागर टिकरा संजीवनीनगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसके बड़े पापा के लड़के अज्जू पटेल की शादी थी बारात बड़खेरा गोसलपुर से खितौला पड़वार गयी थी जैसे ही बारात लगी वह तथा उसके रिश्तेदार शादी में डीजे में डांस करने गये डांस करते समय वधु पक्ष के दीपक कुशवाहा का धक्का लग गया तो दीपक कुशवाहा उसके विवाद करने लगा, वधु पक्ष के सचिन कुशवाहा, दिलीप कुशवाहा, अमन कुशवाहा डंडे लेकर आये एवं डंडे से उसके एवं उसके भाई साहिल पटेल के साथ मारपीट करने लगे, उसका दोस्त सजल जैन बीच बचाव करने आया तो अरूण कुशवाहा, मगन कुशवाहा ने सजल जैन के साथ हाथ मुक्कों से मारपीट करने लगे मारपीट से उसे, साहिल, सजल को चोट पहुंचा दी ।

**चैकिंग** ट्रैफिक व्यवस्था पर उठ रहे सवाल

## संस्कारधानी में चालान तेज, जाम बेहाल



**जबलपुर, नवभारत।** शहर की सड़कों पर ट्रैफिक व्यवस्था एक बार फिर सवालों के घेरे में है। एक ओर जहां ट्रैफिक पुलिस पूरी तत्परता के साथ चालानी कार्रवाई करती नजर आ रही है, वहीं दूसरी ओर शहर के प्रमुख मार्गों पर लगने वाले रोज़ाना जाम को संभालने में पुलिस की भूमिका नदारद दिखाई दे रही है। शहर की तस्वीरें साफ बयां करती हैं कि कहीं ट्रैफिक पुलिस वाहन चालकों के चालान काटते हुए दिखाई दे रही है, तो कहीं लंबा जाम लगने से वाहन रेंगते नजर आ रहे हैं। खासकर दीनदयाल चौक से कटंगी बायपास तक का मार्ग प्रतिदिन जाम की चपेट में रहता है। शाम से लेकर रात तक इस मार्ग पर भारी वाहनों, ऑटो, दोपहिया और कारों की लंबी कतारें लग जाती हैं, लेकिन आश्चर्य की बात यह है कि जाम के समय यहां ट्रैफिक पुलिस का एक भी कर्मचारी मौजूद नहीं रहता। स्थानीय लोगों का कहना है कि पुलिस रात के समय दीनदयाल क्षेत्र में सक्रिय होकर चालानी कार्रवाई करती है, लेकिन दिन में जब जाम की स्थिति बनती है, तब कोई व्यवस्था नजर नहीं आती। इसी मार्ग पर आगे माढ़ोताल पुलिस थाना भी स्थित है, इसके बावजूद वहां भी ट्रैफिक को नियंत्रित करने में पुलिस नाकाम साबित हो रही है।

### न हो परेशानी

नागरिकों का आरोप है कि चालान काटना अपनी जगह सही है, लेकिन पुलिस की पहली जिम्मेदारी शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारु बनाना है। रोज़ाना लगने वाले जाम से स्कूली बच्चे, नौकरीपेशा लोग, मरीज और आम राहगीर परेशान हो रहे हैं। समय पर गंतव्य तक पहुंचना मुश्किल हो गया है, जिससे लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। अब सवाल यह उठता है कि क्या ट्रैफिक पुलिस की जिम्मेदारी केवल चालान काटकर राजस्व वसूली तक सीमित रह गई है, या फिर शहर की बिगड़ती ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारने की दिशा में भी ठोस कदम उठाए जाएंगे। यदि समय रहते दीनदयाल से कटंगी बायपास और माढ़ोताल क्षेत्र में नियमित ट्रैफिक कर्मियों की तैनाती नहीं की गई, तो जाम की समस्या और गंभीर रूप ले सकती है।